राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत–गुजरात,संस्करण शुक्रवार 02 फरवरी 2024 वर्ष–7,अंक–10 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# 'विश्वशक्ति के रूप में उभरा भारत', निर्मला सीतारमण ने कहा-



## हमारे लिए जीडीपी का अर्थ गवर्नेंस, परफॉर्मेंस और डेवलपमेंट

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में कहा कि हमारी सरकार ने नागरिक प्रथम और न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन दृष्टिकोण के साथ जवाबदेह, जन केंद्रित और विश्वास आधारित प्रशासन प्रदान किया है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'कृषि क्षेत्र की और वृद्धि के लिए, सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में सार्वजनिक और निजी निवेश को और बढ़ावा देगी।**

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर भारत और दूसरे देशों के लिए भी एक परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने कहा कि कोविड के कारण चुनौतियों के बावजूद, पीएम आवास योजना ग्रामीण का कार्यान्वयन जारी रहा और हम 3 करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं। परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न होने वाली आवश्यकता को पूरा करने के लिए अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ और घर बनाए जाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि अगले पांच साल अभूतपूर्व विकास के साल होंगे। उन्होंने



कहा कि हमारे लिए त्नष्ठक्कका अर्थ गवर्नेंस, परफॉर्मेंस और डेवलपमेंट है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमृत काल के लिए रणनीति बताई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ऐसी आर्थिक नीतियां अपनाएगी जो विकास को बढ़ावा दें और बनाए रखें, समावेशी और सतत विकास की सुविधा प्रदान करें, उत्पादकता में सुधार करें, सभी के लिए अवसर पैदा करें, उनकी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करें और निवेश को बढ़ावा देने और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संसाधनों के उत्पादन में योगदान दें। उन्होंने कहा कि सरकार का जीडीपी को अधिक व्यापक बनाने, बेहतर राजकाज, विकास और प्रदर्शन पर जोर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ÷कृषि क्षेत्र की और वृद्धि के लिए, सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में सार्वजनिक और निजी निवेश को और बढ़ावा देगी।÷ उन्होंने कहा कि 'रूफटॉप सोलर' परियोजना के तहत एक करोड़ परिवार को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। उन्होंने कहा कि कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों में नैनो यूरिया का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लेकर आएगी सरकार, किराये के घरों, झुग्गी बस्तियों एवं चाल में रहने वाले लोगों के लिए योजना होगी। उन्होंने कहा कि रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक प्रौद्योगिकियों को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का मामला, आज होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और शीर्ष अदालत शुक्रवार को उनकी याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई। हेमंत सोरेन की ओर से वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने गुरुवार को मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि वे झारखंड हाई कोर्ट से याचिका वापस ले लेंगे। बुधवार रात को, हेमंत ने ईडी की गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय का रुख किया और उनकी याचिका पर गुरुवार सुबह 10.30 बजे उच्च न्यायालय में सुनवाई होनी थी।

सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने



के बाद धनशोधन के एक मामले में बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं राज्य के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन का नाम मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तावित किया गया है। ईडी ने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़े धनशोधन के आरोपों को लेकर सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद बुधवार को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जिन्हें बुधवार रात ईडी ने गिरफ्तार किया था, ने एक्स से कहा कि वह हार स्वीकार नहीं करेंगे। गिरफ्तारी के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में सोरेन ने कहा, यह एक ब्रेक है। जीवन एक महान युद्ध है। मैं हर पल लड़ा हूं, मैं हर पल लड़ूंगा। लेकिन मैं समझौते की भीख नहीं मांगूंगा।

उन्होंने कहा कि मैं चिंतित नहीं हूं क्योंकि मैं शिबू सोरेन का बेटा हूं...पूरे दिन की पूछताछ के बाद, उन्होंने मुझे उन मामलों में गिरफ्तार करने का फैसला किया जो मुझसे संबंधित नहीं हैं। अभी तक उन्हें कोई सबूत नहीं मिला है। उन्होंने मेरे दिल्ली आवास पर छापेमारी कर मेरी छवि खराब करने की भी कोशिश की। गरीबों, आदिवासियों, दलितों और निर्दोषों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ अब हमें नई लड़ाई लड़नी है। झारखंड के मुख्यमंत्री का पद छोड़ने के कुछ ही क्षण बाद बुधवार को हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने रांची में गिरफ्तार कर लिया। 48 वर्षीय राजनेता को बाद में राज्य में एक कथित भूमि घोटाले की जांच के सिलसिले में जांच एजेंसी के कार्यालय में ले जाया गया।

## 40 हजार वंदे भारत बोगियां... रेलवे को सरकार का बड़ा तोहफा, बजट में ये बड़ी घोषणाएं भी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 के लिए भारत का अंतरिम बजट पेश कर रही हैं। बजट के शुरुआती ऐलानों में ही उन्होंने ट्रांसपोर्ट के लिए बड़े ऐलान कर दिए हैं। सरकार आम ट्रेनों की बोगियों को बदलकर वंदे भारत के स्तर की बनाने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा मेट्रो और नमो रेल का भी अन्य शहरों तक विस्तार किया जाएगा।

**परिवहन को मोर्चे पर रफ्तार पकड़ेगा भारत**

सीतारमण ने गुरुवार को जानकारी दी है कि रेल की करीब 40 हजार बोगियों को वंदे भारत की बोगियों में बदला जाएगा। इसके साथ ही 3 नए रेल कॉरिडोर के निर्माण का भी ऐलान सरकार ने किया है और माल भाड़ा गलियारे का भी काम जारी है। उन्होंने बताया कि बीते दस सालों में देश में एयरपोर्ट की संख्या



भी बढ़ी है। फिलहाल, देश में 149 एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं।

**पर्यटन को बढ़ावा**

मालदीव के साथ जारी तनावपूर्ण रिश्तों के बीच सरकार ने बजट में लक्षद्वीप को भी बड़ा तोहफा देने का फैसला किया है। वित्त मंत्री ने जानकारी दी है कि लक्षद्वीप समेत कई द्वीपों पर पर्यटन के लिए नई परियोजनाओं का ऐलान किया जाएगा। खास बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मालदीव सरकार के मंत्रियों की तरफ से आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर मालदीव पर्यटन के बहिष्कार का दौर चला था। इसके बाद भारतीय नागरिक बड़ी संख्या में लक्षद्वीप पहुंचने लगे थे। तीन मुख्य कॉरिडोर में एनर्जी, मिनरल एंड सीमेंट कॉरिडोर, पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर और हाई ट्रैफिक डेन्सिटी कॉरिडोर शामिल है। सीतारमण का कहना है कि इन नए कॉरिडोर की पहचान पीएम गति शक्ति पहल के तहत हुई है। इसके अलावा तेज और सुरक्षित रेल यात्रा को सुनिश्चित करने में हाई ट्रैफिक डेन्सिटी कॉरिडोर मदद करेंगे।

## तीन दिन पहले बिहार में बनी एनडीए सरकार, पर मंत्रियों के पास अब भी विभाग नहीं

**पटना।** बिहार में नई एनडीए सरकार के गठन के तीन दिन बीत जाने के बाद भी 28 जनवरी को शपथ लेने वाले मंत्रियों को अभी तक विभाग आवंटित नहीं किए गए हैं।ऐसी स्थिति पहले कभी पैदा नहीं हुई थी। सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार और राज्य भाजपा नेतृत्व के बीच कुछ ठीक नहीं है।नीतीश कुमार के साथ 8 मंत्रियों - जिनमें दो उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा शामिल हैं - ने 28 जनवरी को शपथ ली थी, लेकिन वे अभी भी बिना किसी विभाग के हैं।सूत्रों का कहना है कि चौधरी और सिन्हा ने कैबिनेट सचिवालय द्वारा आवंटित आधिकारिक कारों को भी स्वीकार करने से इनकार कर दिया, क्योंकि उन्हें वे कारें दी गई थीं, जिनका इस्तेमाल महागठबंधन सरकार के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने किया था।मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के पिछले 18 वर्षों के कार्यकाल में ऐसे हालात कभी पैदा नहीं हुए थे।2015 में नीतीश कुमार ने राजद के साथ सरकार बनाई और उन्होंने तेजस्वी यादव के साथ 20 नवंबर 2015 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और तेजस्वी को उपमुख्यमंत्री बनाया था। इसके अलावा, 23 मंत्रियों ने भी उसी दिन शपथ ली और कुछ ही घंटों में विभाग आवंटित कर दिए थे।जब नीतीश कुमार 2017 में एनडीए में चले गए, तो उन्होंने और सुशील कुमार मोदी ने 27 जुलाई, 2017 को शपथ ली थी और दो दिनों के बाद 27 और मंत्रियों ने शपथ ली थी और कुछ ही घंटों के भीतर विभागों का बंटवारा हो गया था।2020 में नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ सरकार बनाई और उन्होंने 16 नवंबर, 2020 को दो डिप्टी सीएम - तार किशोर प्रसाद और रेनू देवी सहित 15 मंत्रियों के साथ शपथ ली थी और उसी दिन विभागों का फैसला कर दिया गया था।2022 में जब नीतीश कुमार ने फिर यू-टर्न लिया तो उन्होंने तेजस्वी यादव और 31 मंत्रियों के साथ 9 अगस्त 2022 को शपथ ली थी और उसी दिन विभागों का बंटवारा भी कर दिया था।सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार भाजपा को वे विभाग देना चाहते हैं, जो पहले राजद और कांग्रेस के पास थे, लेकिन भाजपा गृह और सामान्य प्रशासन चाहती है। यही वजह है कि दोनों पक्षों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई है।

## फिर बढ़ेगी ठंड? दिल्ली-एनसीआर में आज भी बारिश का अलर्ट, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी

**नई दिल्ली।** कड़ाके की ठंड के बीच दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन बारिश और आंधी से मौसम का मिजाज बदल गया है। बुधवार को शुरू हुई तेज बारिश के कारण सड़कें अवरुद्ध हो गईं और बड़े पैमाने पर जलजमाव हो गया। आज सुबह भी अलग-अलग इलाकों में खूब बारिश हुई है। इससे लोगों की चुनौतियां और बढ़ गई हैं जो पहले से ही भीषण सर्दी की स्थिति से जूझ रहे थे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) की भविष्यवाणी के मुताबिक, दिल्ली में मौसम ऐसा ही बना रहेगा और गुरुवार को भी बारिश होने की संभावना है। कुछ मैदानी इलाकों में जहां बारिश हुई है, वहीं हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में इस साल का पहला हिमपात हुआ। आज सुबह जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर सहित माता वैष्णो देवी की गुफा के पास भी बर्फबारी हुई है। बारिश और बर्फबारी के असर से उत्तर भारत में




ठंड बढ़ गई और सुबह कोहरे की चादर छाई रही। बदले मौसम से आम जनजीवन जरूर प्रभावित हुआ हैं, लेकिन किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। गेंहू की खेती के लिए यह बारिश काफी फायदेमंद साबित हो सकती है।

**चारधाम समेत औली और हर्षिल में जमकर बर्फबारी**

बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, औली और हर्षिल में बुधवार को जमकर बर्फबारी हुई। जबकि चकराता के लोखंडी में दो इंच तक बर्फ गिरी। औली और हर्षिल में पर्यटकों ने बर्फबारी का जमकर लुत्फ उठाया। उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली में हल्की बूंदाबांदी होने के बाद समूचे क्षेत्र ठंड बढ़ गई है। बुधवार को उत्तरकाशी के मुखबा, हर्षिल, भैरव घाटी, रुद्रप्रयाग के मद्महेश्वर, तुंगनाथ, चंद्रशिला और चमोली के बदरीनाथ, हेमकुंड और औली समेत ऊंची पहाड़ियों पर जमकर बर्फबारी हुई। केदारनाथ में देर शाम तक दो फीट से अधिक बर्फ जमा हो गई थी।

**जम्मू-कश्मीर में लंबे इंतजार के बाद बर्फबारी**

ठंड के मौसम में जम्मू एवं कश्मीर के पहाड़ियों पर एक लंबे इंतजार के बाद बुधवार को बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश हुई। इससे स्थानीय लोगों और सैलानियों के चेहरों पर मुस्कान खिल गई है, तो किसानों के चेहरों पर भी रौनक आ गई है। जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में बर्फबारी हुई है। खासतौर से गुलमर्ग में तो जहां तक नजर जाएगी हर तरफ बर्फ की चमक ही दिखेगी।

**राजस्थान में कई जगह हल्की बारिश**


एक नये पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते बीते चौबीस घंटे की अवधि में राजस्थान के कई इलाकों हल्की बारिश हुई है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंट में बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू व झुंझुनूं जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक पांच मिलीमीटर बारिश हनुमानगढ़ में हुई। इसके अलावा सरदारशहर में चार मिमी, अनूपगढ़ और तारानगर में तीन-तीन मिमी, पीलीबंगा में दो और रावतसर में एक मिमी बारिश हुई।

# शंखनाद और गूंजी घंटियों की आवाज; ज्ञानवापी में 31 साल बाद पूजा, मंगला गौरी की हुई आराधना

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में गुरुवार तड़के पूजा की गई। मस्जिद में बने व्यास जी के तहखाने में विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी ओम प्रकाश मिश्र और गणेश्वर द्रविड़ ने ब्रह्मम बेला में पूजा करवाई। विधि विधान से मंगला गौरी की आराधना की गई। 31 साल बाद ज्ञानवापी परिसर में पूजा दोबारा शुरू की गई है। नवंबर 1993 में में वहां पूजा रोककर बैरिकेडिंग की गई थी। वाराणसी कोर्ट ने बुधवार को व्यास तहखाने में हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति दी थी। इसी के बाद रात में ही इंतजाम कर बैरिकेडिंग हटाई गई और पूजा की व्यवस्था की गई।

**आधी रात के बाद तहखाने से हटवाई बैरिकेडिंग**

कमिश्नर कौशलराज शर्मा, पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन और डीएम एस. राजलिंगम समेत आला प्रशासनिक व पुलिस अफसर रात 11.30 बजे ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। वहां सभी ने दक्षिणी तहखाना में पूजा के संबंध में जिला जज के आदेश के बाद सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। रात 12.30 बजे के आसपास तहखाना के सामने लगी लोहे की बैरिकेडिंग हटवा ली गई। वहां साफ सफाई के बाद पूजा कराई गई। रात करीब 1.30 बजे परिसर से बाहर निकले तहखाना के रिसीवर/डीएम



एस.राजलिंगम ने मीडिया से कहा कि हमने कोर्ट के आदेश का अनुपालन करा दिया है। ज्ञानवापी में दक्षिणी तहखाने में प्रवेश के लिए बैरिकेडिंग में रास्ता बनाया गया। इसके बाद सुबह करीब 3 बजे तहखाने में मूर्तियों की पूजा और आरती की गई। वहीं, विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र समेत पूरे जिले में हाई अलर्ट कर दिया गया है। विश्वनाथ धाम और आसपास के क्षेत्रों में रात में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई है। ग्रामीण क्षेत्र के भी कुछ थानों की फोर्स शहर में बुलाई गई है। गोदौलिया से दशाश्वमेध और गोदौलिया से बुलानाला के बीच निगरानी बढ़ा दी गई है।

**आदेश के नौ घंटे के अंदर सक्रिय हो गए अधिकारी**

ज्ञानवापी परिसर स्थित दक्षिणी तहखाना में पूजा और राग-भोग के संबंध में जिला जज की अदालत के आदेश के अनुपालन के लिए प्रशासन नौ घंटे के अंदर ही सक्रिय हो गया। कोर्ट का फैसला बुधवार अपराह्न तीन बजे के आसपास आया जबकि कमिश्नर आदि अफसर रात 11.30 बजे के आसपास परिसर में पहुंच गए। रात एक बजे के बाद तहखाने के सामने से बैरिकेडिंग हटवा दिया गया। उस दौरान वहां अफसर व सुरक्षा बल के जवान ही मौजूद थे।


Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# विधायक कुमार कानानी का ट्रैफिक-पुलिस पर गंभीर आरोप कहा अवैध टोईंग के बाद वाहन चालकों से वसूली

### क्रेन वाहनों को दूसरे क्षेत्रों में ले जाती है, ट्रैफिक पुलिस पर रत्नकलाकारों से वसूली करने का आरोप लगाया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

वराछा रोड विधायक कुमार कानानी समय-समय पर विभिन्न विषयों पर मनपा आयुक्त पुलिस आयुक्त और मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के लिए जाने जाते हैं। कुमार कानानी के उस पत्र से उस विभाग में बड़ी बहस छिड़ गई। इस बार फिर कुमार कानानी ने ट्रैफिक विभाग के कर्मचारियों द्वारा की गई बर्बरता की घटनाओं का जिक्र किया है। विधायक ने सूरत पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर ट्रैफिक विभाग की क्रेन नंबर-१ द्वारा दूसरे इलाकों से अवैध रूप से वाहन खींचने और वाहनचालकों से जबरन रूपये वसूलने के आरोप में कार्रवाई करने को कहा है।




सूरत ट्रैफिक पुलिस द्वारा सर्कल के अनुसार सड़कों पर नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को खींचने के लिए क्रेन को ठेका दिया जाता है। जिसमें सर्कल-१ का क्षेत्र नाना वराछा ढलान से सरथाणा और कामरेज साइड क्षेत्र तक आता है। इस क्षेत्र में खींचे गए वाहनों को सरथाणा गोदाम में ले जाना पड़ता है। लेकिन क्रेन नंबर-१ नाना वराछा से हीराबाग क्षेत्र तक बड़ी संख्या में वाहनों को खींचकर बॉम्बे मार्केट में लाकर धूम मचाती है। इस प्रकार वराछा और सरथाना क्रेन दोनों एक ही क्षेत्र में संचालित होते हैं। सरथाणा की ओर वाहन नहीं खींच सकते। इसलिए क्रेन नंबर-१ भी वराछा क्षेत्र से वाहनों को खींचकर ले जाती है और रूपये वसूली करती है। जिससे रत्नकलाकार और छोटे व्यापारियों को लूटा जा रहा है। इसलिए मामले पर तुरंत उचित कार्रवाई करें।

इस संबंध में विधायक कुमार कानानी ने कहा कि सूरत शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लिए यातायात विभाग द्वारा क्रेनें आवंटित की गई हैं। कामरेज लसकाना क्षेत्र में नंबर एक क्रेन है। यह वराछा हीराबाग सर्किल कापोद्रा क्षेत्र में भी घूमता है, जो अवैध है। इस इलाके में गाड़ियां उठाई जाती हैं और ड्राइवर को बॉम्बे मार्केट के पास बुलाया जाता है और वहां ड्राइवर को भारी जुर्माना वसूला जाएगा कहकर रूपये वसूले जाते है ऐसी मुझे लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जिसे देखते हुए मैंने इस तरह की अवैध गतिविधि को रोकने के लिए पुलिस आयुक्त को लिखित रूप से सूचित किया है।' क्रेन को उसे सौंपे गए क्षेत्र में काम करना चाहिए। मोटर चालकों को लूटने के एकमात्र इरादे से कभी भी काम न करें।

# बीआरटीएस बस स्टेशन की सफाई में लापरवाही बरतने पर एजेन्सी को नोटीस

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत। सूरत सीटीलिंक लिमिटेड सूरत नगर निगम की पुरे मालिकाना हक वाली कंपनी है। सूरत नगर निगम संचालित सीटिलिंक लिमिटेड द्वारा १३ बीआरटीएस सूर पर २०४ बस तथा ४५ सीटी रूट ५७४ सीटीबसों द्वारा दैनिक २.७५ लाख यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन की सेवा का लाभ दिया जाता है। ग्रीन ग्लोब सोल्युशन कंपनी को बीआरटीएस स्टेशन की सफाई और स्वच्छता का ठेका दिया गया है।

सार्वजनिक परिवहन कमिटी के अध्यक्ष सोमनाथ मराठे द्वारा १ फरवरी २०२४ को उधना जीएसआरटीसी बीआरटीएस बस स्टेशन का निरिक्षण किया गया। जिसमें स्टेशन की सफाई और स्वच्छता कार्यवाही नही होने का पता चला। टेन्डर

**ग्रीन ग्लोब सोल्युशन एजेन्सी टेन्डर शर्तो का पालन नही करती है तो कड़ी शिक्षात्मक कार्यवाही की जायेगी**

शर्तो के आधिन सफाई कार्य संतोषजन नही दिखा। इस बारे में अध्यक्ष सोमनाथ मराठे ने सूरत सीटिलिंक के विभागीय अधिकारी प्रविण आर प्रसाद को शिकायत की। विभागीय अधिकारी प्रविण प्रसाद ने अध्यक्ष सोमनाथ मराठे की शिकायत का संज्ञान लेते हुए ठेकेदार ग्रीन ग्लोब सोल्युशन को नोटीस जारी किया। नोटीस में उल्लेख किया गया कि ग्रीन ग्लोब सोल्युशन टेन्डर शर्तो का पालन नही कर रही। बीआरटीएस बस स्टेशनों की सफाई संतोषजनक नही दिखी और बार-बार शिकायते कार्यालय को मिलेगी तो शिक्षात्कम कार्यवाही करने के साथ पेनल्टी के रूप में दंड की राशि आगामी बिल से वसूल की जायेगी।




# बारडोली के रामपुरा ग्रामपंचायत के सरपंच द्वारा आत्महत्या की घटना के एक साल बाद भी जांच नही

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत। बारडोली तालुका के रामपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच विजयभाई राठौड़ की आत्महत्या की घटना लगभग एक साल पहले हुई थी, जो आदिवासी समाज के लिए बहुत दुखद बात थी। इस दुखद घटना के घटित होने के बाद कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल सहित हलपति समुदाय के नेताओं और पदाधिकारियों ने डीएसपी को फोन किया। साथ ही रेंज आई. जी., जिला विकास अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों से

**कांग्रेस पार्टी द्वारा डीएसपी, रेन्ज आईजी और जिला विकास अधिकारी को ज्ञापन देने के बाद भी जांच नही होना दुःखद**

मुलाकात कर मामले की विस्तृत एवं गंभीरता से जांच कराने का मौखिक निवेदन किया।

अधिकारियों ने इस घटना पर कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया, लेकिन आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक इस दुखद घटना को एक साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस विभाग की ओर से जांच पूरी नहीं की जा सकी है।

इतने गंभीर मामले में इतना समय बीत जाने के बाद भी पुलिस विभाग द्वारा जांच पूरी नहीं किये जाने से ऐसा प्रतीत होता है कि आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। ऐसा लगता है कि सरकार आदिवासी समाज के लोगों का इस्तेमाल सिर्फ वोट लेने के लिए कर रही है। सत्ता पक्ष से जुड़े सांसद, विधायक और आदिवासी समाज के नेता इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? आदिवासी समाज के साथ न्याय तभी होगा जब पुलिस विभाग इस मामले की तत्काल जांच कर आदिवासी समाज के सरपंच की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा दे।

# युवक का हत्यारा चार घंटे में चिखली से पकड़ा गया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत के अठवागेट के पास भगवान महावीर अस्पताल के बाहर सड़क पर आधी रात को पैसे कि लेनदेन युवक की चाकू से वार कर निर्मम हत्या कर दी गई। इस पूरे घटनाक्रम में उमरा पुलिस टीम ने तुरंत आरोपियों को पकड़ने के लिए काम शुरूकर दिया। पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में मुख्य आरोपी समेत चार आरोपियों को चिखली हाइवे से पकड़ लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है।

नानपुरा इलाके के खंडेरावपुरा माछीवाड में रहने वाले पिंकेश उर्फ पिंटू रमेशभाई नवसारीवाला की पहचान सिरफिरे के रूप में है। इसके अलावा उनके भाई दिव्येश नवसारीवाला रेत कारोबार से



जुड़े हैं। पिंटू और अक्षु उर्फ अवि पटेल के बीच पैसों का लेनदेन होता था। कल रात पिंटू और अक्षु के बीच पैसों की बात को लेकर झगड़ा हुआ, देर रात अठवागेट के पास भगवान महावीर हॉस्पिटल के बाहर मिलने के लिए बुलाया। इसी बीच जब पिंटू नवसारीवाला वहां पहुंचा तो अक्षु अपने पांच अन्य दोस्तों के साथ कार में वहां आया। जहां पैसे लेने-देने की बात को लेकर पिंटू और अक्षु के बीच कहा-सुनी हो गई।

तो अक्षु और उसके साथी दोस्तों ने अपने पास मौजूद चाकू निकाला और पिंटू के पेट और शरीर के दूसरे हिस्से पर वार किए और वह वहीं गिर पड़ा। बाद में अक्षु और उसके साथी वहां से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही उमरा पुलिस का काफिला घटनास्थल पर पहुंचा। दुर्घटनावश चोट लगने से पिंटू की मौके पर ही मौत हो गई। उमरा पुलिस देर रात ही आरोपियों को पकड़ने के लिए जुट गई थी। इस बीच पुलिस ने चिखली हाइवे से अवि दीपक पटेल उर्फ अक्षु ,धर्मेश गज्जर, बालाजी और एक अन्य कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देर रात इन सभी का बयान लिया और गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया।

# सरकारी ऑफिस भी अब असुरक्षित, वराछा जोन के मगोब वार्ड कार्यालय में चोरी

### वराछा जोन के मगोब वार्ड कार्यालय से कंप्यूटर, प्रिंटर और कैमरा चोरी, पुलिस ने भी किया

### घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरूकर दी है

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत शहर में तस्कर इतने साहसी हो गए हैं कि वे अब सीधे तौर पर सरकारी कार्यालयों को भी निशाना बना रहे हैं।

देर रात नगर निगम के वार्ड कार्यालय को तस्करों ने निशाना बनाया। सुबह जब नगर निगम कर्मचारी कार्यालय खोलने पहुंचे तो पता चला कि ताले टूटे हैं और कंप्यूटर, प्रिंटर व कैमरा चोरी हो गया है। घटना की जानकारी होने पर नगर निगम के उच्चाधिकारी भी हरकत में आए और पुलिस से संपर्क किया।

तस्करों ने सूरत नगर निगम के वराछा जोन के एक वार्ड कार्यालय को निशाना बनाया है। बीती रात नगर निगम के वार्ड कार्यालय का ताला तोड़कर तस्करों ने कंप्यूटर सहित सामग्री चोरी कर ली। सुबह जब नगर निगम का अमला वोर्ड कार्यालय पहुंचा तो कार्यालय के ताले टूटे हुए थे।

अंदर आने पर पता चला कि कुछ इलेक्ट्रॉनिक गजट चोरी हो गए हैं। कर्मचारियों द्वारा पूरी घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई।

# राजकोषीय घाटे को ५.१ फीसदी पर बनाए रखने का वित्त मंत्री का प्रयास स्वागत योग्य : एसजीसीसीआई

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत। भारत की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल २०२४ का अंतरिम बजट गुरूवार १ फरवरी २०२४ को घोषित किया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रमेश वघासिया ने ऑनलाइन इनकम टैक्स की सुविधा के लिए भारत सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आयकर में जो रिफंड ९३ दिन में मिलता था, वह अब १० दिन में मिलेगा। हालाँकि, जबकि छोटे रिफंड जल्दी आ जाते हैं, बड़े रिफंड आने में अभी भी कई महीने लगते हैं, इसलिए इसे सुव्यवस्थित और स्थापित करने की आवश्यकता है। फेसलेस मूल्यांकन की प्रक्रिया भी अत्यंत सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान' का प्रयास भारत को नई दिशा में ले जाना है। खासकर भारतीय अर्थव्यवस्था को डिजिटल इकोनॉमी बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम वाकई जरूरी थे।

चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि वित्त मंत्री ने वर्ष २०२४-२५ के लिए राजकोषीय घाटे को ५.१ प्रतिशत पर बनाये रखने का प्रयास किया है, जो स्वागत योग्य है। मछली पालन में १ लाख करोड़ रूपये के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। इसने देश में ५ एकवा कल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर पार्क के निर्माण की घोषणा की है, जिससे दक्षिण गुजरात में एकवा कल्चर व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। बजट में भारत को तिलहन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई योजना की घोषणा की गई है, जो भी स्वागतयोग्य है। रेलवे के ३ आर्थिक गलियारे बनाने का प्रावधान हैं, इससे लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी और नागरिक परिवहन में सुविधा बढ़ेगी। स्टार्ट-अप निवेश पर आयकर छूट दो साल के लिए बढ़ा दी गई है। नए उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास के लिए १ लाख करोड़ रूपये का ब्याज मुक्त फंड आवंटित किया गया है, जिससे उभरते क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा।

पीएमईजीपी योजना में २३०० करोड़ रूपये आवंटित किये गये हैं, जिसमें और रूपये आवंटित करने की जरूरत थी। क्योंकि यह योजना महिला उद्यमियों सहित सभी उद्यमियों को प्रोत्साहन प्रदान करती है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग योजना में २७ करोड़ रूपये आवंटित किये गये हैं, जो पिछले साल से कम है। सूक्ष्म लघु उद्यम क्लस्टर विकास योजना में ४०० करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं, जिससे सूरत सहित दक्षिण गुजरात में स्थापित कपड़ा, परिधान और इंजीनियरिंग के छोटे समूहों को लाभ होगा। ऋऋऋ योजना में ११७० करोड़ रूपये का फंड आवंटन भी स्वागत योग्य है। कपड़ा उद्योग में एटीयूएफ योजना के तहत ६७५ करोड़ रूपये आवंटित किये गये हैं। कुशल विकास के लिए एकीकृत योजना के लिए १६६ करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं, इसका लाभ दक्षिण गुजरात के उद्यमी उठा सकेंगे। इसके अलावा पीएम ने मित्रा पार्क के लिए ३०० करोड़ रूपये आवंटित किए हैं। जिसके चलते उद्यमियों को उम्मीद है कि सूरत में नवसारी के पास वांकी बोरसी में पीएम मित्र पार्क तेजी से बनेगा।

भारत में विदेशी निवेश बढ़ाने की दिशा में सरकार द्वारा किये गये प्रयासों के कारण हम एफडीआई का उच्चतम अनुपात प्राप्त करने में सफल रहे हैं। हालाँकि, दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ लंबे समय से अपेक्षित था।







